(b) if so, the details thereof ; and

(c) the steps takin to recover the over-payments against the erring principal ?

THE MINISTER OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (SHRI ARJUN SINGH) : (a) and (b) The Audit has osberved that the Principal, Kendriya Vidyalaya, Moscow, is a non-representational grade officer but has drawn foreign allowance at par with the First Secretary of the Embassy (who is a representational grade officer).

(c) The matter is being processed for settlement.

Science books in Hindi

1452. SHRI SHIV PRASAD CHANPURIA : Will the Minister of HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT be pleased to state :

(a) what is the mechanism to ensure proper coordination for preparation, publication and distribution of science books in Hindi and other Indian languages among NBT, DAVP, NCERT, CSIR, etc;

(b) what efforts have been made to ensure harmony in their pricing; and

(c) what are the details of the programmes of these organisations to bring out science videos and software package in Indian Languages ?

THE MINISTER OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (SHRI ARJUN SINGH) : (a) to (c) Information is being collected and will be laid on the Table of the House.

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में विश्वविद्यालय

1453. **श्री प्रमोद महाजन** : क्या **मानव संसाधन विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में एक अलग विश्वविद्यालय खोलने का विचार है क्योंकि यह भारत की मुख्य भूमि से दूर है ;

(ख) यदि हां, तो कब तक ; और

(ग) क्या इस विश्वविद्यालय में होलिस्टिक साइंस, टेकनालाजी और मैडिकल साइंस के अध्ययन पर बल दिया जाएगा ?

मानव संसाधन विकास मंत्री (श्री अर्जुन सिंह) : (क) जी, नहीं ।

(ख) और (ग) प्रश्न नहीं उठते ।

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद की पाठ्य पुस्तकों का मूल्यांकन

1454. **श्री प्रमोद महाजन** : क्या **मानव संसाधन विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) राष्ट्रीय शैक्षणिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद की पाठ्य-पुस्तकों के मूल्यांकन की क्या व्यवस्था है ;

(ख) इस मूल्यांकन में प्राथमिक स्तर के विज्ञान और भाषा शिक्षण पुस्तकों की प्रति शतता कितनी है; और

(ग) यदि उपर्युक्त भाग (क) का उत्तर "ना" है, तो क्या सरकार सभी स्तरों की पाठ्य पुस्तकों का मूल्यांकन एक स्वतंत्र समिति द्वारा कराए जाने के लिए एक मूल्यांकन पद्धति विकसित करने का विचार रखती है ?

मानव संसाधन विकास मंत्री (श्री अर्जुन सिंह) : (क) राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद से प्राप्त सूचना के अनुसार इसके पाठ्य पुस्तकों के मूल्यांकन के लिए इस प्रकार की व्यवस्था है :—

(i) व्यापक प्रश्नमालाओं और शिक्षक तथा विशेषज्ञों के मूल्यांकन कार्यशालाओं द्वारा अध्यापकों विशेषज्ञों और छात्रों से पुनर्निवेश

(ii) संशोधित संस्करण निकाले जाने से पूर्व पाठ्य पुस्तकों का समय समय पर गहन अध्ययन ।